# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
# Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : गोप0/2978 दिनांक : 11-09-2026

## प्रेस विज्ञप्ति

विषयः परम्परागत एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की छूटी हुयी प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा हेतु ऑनलाईन आवेदन किये जाने के सम्बन्ध में।

परम्परागत एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों (बी0एड0/बी0ए0बी0एड0/बी0एल0एड0/बी0पी0एड0/एम0पी0एड0/मेडिकल/पैरामेडिकल/ए0आई0सी0टी0ई0 अन्तर्गत संचालित पाठ्यक्रमों को छोड़कर) के समस्त छात्र/छात्रायें जिनकी वार्षिक प्रणाली तथा सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत (एन0ई0पी0 प्रणाली सहित) वार्षिक प्रणाली, विषम/सम सेमेस्टर की लिखित परीक्षा सम्पन्न हो चुकी है किन्तु उनकी प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा किन्हीं कारणवश छूट गयी है अथवा महाविद्यालय द्वारा ससमय सम्पन्न नहीं करायी गयी हैं, की छूटी हुई प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षायें सम्पन्न करायी जानी है।

2. वार्षिक प्रणाली के पाठ्यक्रमों हेतु ऑनालाईन आवेदन किये जाने हेतु **लिंक https://annual.ccsuniversityweb.in** एवं सेमेस्टर प्रणाली के पाठ्यक्रमों हेतु लिंक **https://ccsuniversityweb.in/** हैं। यदि किसी छात्र/छात्रा को ऑनलाइन आवेदन किये जाने में कोई समस्या होती है तो हेल्प लाईन नम्बर–**807791145** व **7078132884** पर सम्पर्क स्थापित कर अपनी समस्या का समाधान कर सकते है।

3. छूटी हुई प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा हेतु निर्धारित शुल्क तथा विलम्ब शुल्क का विवरण निम्नवत् है :–

| श्रेणी | विवरण | शुल्क | कुल शुल्क वार्षिक/सेमेस्टर |
|---|---|---|---|
| A | ऐसे छात्र/छात्रा जो कालबाधित (TIME BARRED) की श्रेणी में नहीं आते है | रू0 1,500/– प्रति सेमेस्टर अथवा प्रति वर्ष। | 1500/– |
| B | एक वर्ष कालबाधित (TIME BARRED) श्रेणी में आने वाले छात्र/छात्रा | रू0 1,500/– प्रति सेमेस्टर अथवा प्रति वर्ष + रू0 5,000/– कालबाधित (TIME BARRED) शुल्क। | 6500/– |
| C | दो वर्ष कालबाधित (TIME BARRED) श्रेणी में आने वाले छात्र/छात्रा | रू0 1,500/– प्रति सेमेस्टर अथवा प्रति वर्ष + रू0 10,000/– कालबाधित (TIME BARRED) शुल्क। | 11500/– |

4. ऑनलाईन आवेदन दिनांक **14.09.2026 समय प्रातः 10:00 बजे से प्रारम्भ होंगे एवं दिनांक 30.09.2026 को समय सायं 05:00 बजे समाप्त हो जाऐंगे। आवेदन की हार्ड कॉपी विश्वविद्यालय में जमा नहीं की जाएगी।** छात्र/छात्राओं द्वारा ऑनलाईन भरे गये आवेदन फार्म की हार्ड कापी व सम्बन्धित वर्ष की स्वप्रमाणित अंकतालिका की छायाप्रति अथवा उस वर्ष के प्रवेश–पत्र अपने पास सुरक्षित रखना है, केवल आवश्यकता पडने पर विश्वविद्यालय के समक्ष प्रस्तुत करना है।

5. अन्तिम तिथि के पश्चात किसी भी छात्र/छात्रा का आवेदन किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किया जायेगा।

**नोट :– उक्त छूटी हुई प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा केन्द्रों की सूची, आवेदन की अन्तिम तिथि के पश्चात, विश्वविद्यालय की वैबसाईट पर प्रदर्शित कर दी जाएगी। अतः छात्रों से अपेक्षा की जाती है कि नियमित रूप से विश्वविद्यालय की वेबसाईट का अवलोकन करते रहें। व्यक्तिगत रूप से किसी छात्र को सूचित करने का कोई प्रावधान नहीं है।**

11/09/26

**परीक्षा नियंत्रक**

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव/परीक्षा नियंत्रक को कुलसचिव/परीक्षा नियंत्रक महोदय के सूचनार्थ।
3. प्रभारी वेबसाईट, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
4. प्राचार्य/प्राचार्या को इस आशय से प्रेषित कि कालेज के सूचना पट पर चस्पा कर अपने महाविद्यालयों/संस्थानों के विद्यार्थियों को सूचित करने का कष्ट करें।
5. प्रेस प्रवक्ता को इस आशय के साथ प्रेषित कि छात्रहित में सम्मानित समाचार पत्रों में निःशुल्क तीन दिवसों तक प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
6. मैसर्स सार इन्फोसिस्टम प्रा0लि0 को इस निदेश के साथ प्रेषित कि उक्त छात्र/छात्राओं को ऑनलाईन आवेदन किये जाने हेतु निर्बाध सेवाएं प्रदान करना सुनिश्चित करें और यदि किसी छात्र/छात्रा को कोई समस्या आती है तो उसका निराकरण करना सुनिश्चित करें।

**सहा0कुलसचिव (गोपनीय)**